XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण कमांक निग0 1121—एक / 14 जिला — शाजापुर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
9-12-14	प्रकरण का अवलोकन किया । यह निगरानी अनुविभागीय अधिकारी , शुजालपुर द्वारा प्रकरण कमांक 212 / 2013 अपील में पारित आदेश दिनांक 29—1—14 के विरूद्ध म0प्र0 भू—राजस्व संहिता, 1959 (जिसे आगे संहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की गई है । आलोच्य आदेश द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को अपने स्वत्व का निराकरण कराने हेतु सिविल न्यायालय में जाने का अवसर दिया गया है अऔर 3 माह तक प्रकरण को स्थगित किया गया है । 2— आवेदक के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों एवं आवेदक अधिवकता द्वारा लिखित बहस में दिए गए तर्कों के परिप्रेक्ष्य में अभिलेख का अवलोकन किया गया । यह प्रकरण बटवारे का होकर विचारण न्यायालय के आदेश के विरूद्ध अपील में अनुबिभागीय अधिकारी ने यह माना है कि बटवारे की फर्द पर उसको स्वीकृत करने के संबंध में अपीलार्थी जौरावर सिंह के हस्ताक्षर हैं इस कारण उन्होंने इस बात को नहीं माना है कि उनको जानकारी नहीं थी किंतु उन्होंने यह व्यक्त किया है कि बटवारे के समय अपीलांट ने अपने हिस्से का ध्यान नहीं रखा और अब स्वत्व का प्रश्न उठाया है । ऐसी स्थिति में उन्होंने अपने स्वत्व को स्थापित करने के लिए पक्षकारों को व्यवहार न्यायालय में जाने के निर्देश देकर 3 माह के लिए प्रकरण स्थगित करने के निर्देश दिए हैं । अनुविभागीय अधिकारी ने किसी के भी स्वत्व के संबंध में कोई निष्कर्ष नहीं दिया है । अतः प्रकरण की समग्र परिस्थितियों पर विचार के पश्चात यह पाया जाता है कि इस प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी ने जो आदेश पारित किया है	

स्थान तथा दिनांक	कर्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों अभिभाषकों के हस्ताक्षर
	वह औचित्यपूर्ण, वैधानिक एवं न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार होने से उसमें हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है । परिणामतः यह निगरानी निरस्त की जाती है । उभयपक्षों को सूचना दी जाये एवं अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख वापिस किया जाये । सदस्य	



R. 1121-I/14

माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक /2014 निगरानी

1. जोरावर पिता दरियावसिंह
2. रेशमबाई पति जोरावरसिंह
3. शिवनारायण पिता जोरावरसिंह

समस्त जाति गाडरी धनगर धंधा कृषि निवासी एवं कृषक ग्राम भादाहेरी तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर (म.प्र.)

.... आवेदकगण

विरूद्ध

1. गंगाधर पिता हमीरसिंह
2. बापूलाल पिता कुवंरजी
3. केशरसिंह पिता कुवंरजी
4. मोहनलाल पिता कुवंरजी
5. प्रेमबाई पिता कुवंरजी
6. कृष्णाबाई पिता कुवंरजी
7. पिंगलबाई पिता कुवंरजी
8. पुरणसिंह पिता गंगाधर
9. हुकमसिंह पिता बाबूलाल
10. जगदीश पिता बाबूलाल
11. रूपसिंह पिता जगन्नाथ
12. ज्ञानसिंह पिता जगन्नाथ
13. ममताबाई पिता जगन्नाथ
14. ललताबाई पिता जगन्नाथ
15. अवंतीबाई बेवा जगन्नाथ
16. राजेश पिता केशरसिंह
17. पंकज पिता केशरसिंह
18. नितेश पिता केशरसिंह
19. देवराज पिता मोहनलाल
20. राहुल पिता हुकमसिंह
21. कपिल पिता जगदीश

समस्त जाति गाडरी धनगर निवासीगण ग्राम भादाहेरी तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर

22. म.प्र शासन व्दारा जिलाधीश महोदय, शाजापुर (म.प्र.) ....अनावेदकगण

19.3.14

2-4-14